आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 01.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – प्रदेश सरकार, उत्तराखण्ड को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य कर रही है।
- केंद्र सरकार ने तंबाकू उत्पादों पर पहली फरवरी से अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाए जाने की तिथि अधिसूचित की।
- बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में अब तक लगभग 12 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने छात्रावासों की सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए।

नववर्ष बधाई

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नए साल की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नववर्ष के अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेश के विकास के साथ ही सभी नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग नई सोच, नई ऊर्जा और सकारात्मक भावना के साथ मिलकर 'देवभूमि' उत्तराखण्ड के विकास में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभाकानाएं दी हैं। एक संदेश में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, उत्तराखण्ड को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

नव वर्ष स्वागत

नव वर्ष के आगमन पर आज प्रदेश के विभिन्न धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बागेश्वर जिले के कौसानी में पर्यटकों का तांता लगा रहा। देर रात तक जश्न मनाने के बाद सुबह से ही पर्यटकों ने अनाशक्ति आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी के जीवन और विचारों से जुड़े इस ऐतिहासिक स्थल के दर्शन किए। पर्यटक सुपोर्णा चर्कवर्ती ने कहा कि वो पहली बार कौसानी आई हैं और अनाशक्ति आश्रम में आकर मन को बहुत सुकून मिला।

पर्यटक न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं, बल्कि कौसानी की शांति, साफ हवा और आध्यात्मिक वातावरण को भी नए साल के लिए सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत मान रहे हैं। कोलकाता से आई मोमिता रॉय भी कौसानी की शांत वादियों से बहुत प्रभावित हैं।

वहीं, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर मौसम ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या और बढ़ सकती है।

तंबाकू उत्पाद

सरकार ने इस वर्ष पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है। तंबाकू और पान मसालों पर ये नए शुल्क वस्तु और सेवा कर– जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और वर्तमान में इन पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। पहली फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और ऐसे उत्पादों पर 40 प्रतिशत तथा बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

कार्रवाई

हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण ने रुड़की और हरिद्वार क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही तीन अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सोनिका के अनुसार यह कार्रवाई अनाधिकृत प्लॉटिंग के विरुद्ध अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत की गई है। नोटिस के बावजूद अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं के निर्माण कार्य बंद न करने के कारण प्राधिकरण की टीम ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। साथ ही अनाधिकृत निर्णामकर्ताओं को निर्देश दिए कि स्थल पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए आगे निर्माण कार्य न किया जाए।

ओंकारेश्वर मंदिर

बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में अभी तक लगभग 12 हजार तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की खासी चहल–पहल है। इन दिनों पर्यटक स्थल चोपता आने–जाने वाले तीर्थयात्री ओंकारेश्वर मंदिर भी पहुंच रहे हैं, जिससे मंदिर में खूब चहल–पहल है और स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। गौरतलब  है कि रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद ओंकारेश्वर मंदिर में बाबा केदार शीतकाल के छाह माह विराजमान रहते हैं। इस स्थान पर दर्शन करने से एक साथ पंच केदारों के दर्शन करने का पुण्य मिलता है। इसलिए इसे पंच केदार शीतकालीन गद्दीस्थल कहा जाता है। मान्यता है की जो भक्त केदारनाथ धाम नहीं जा सकता है, वो यहां पर दर्शन कर केदारनाथ धाम जैसा पुण्य अर्जित कर सकता है। मंदिर के निकट अनिरूद्ध–उषा विवाह मंडप भी स्थित है, जिसके भी भक्त दर्शन करते हैं। यह विवाह स्थल अब वेडिंग डेस्टिनेशल के रूप में भी विकसित हो रहा है।

जिलाधिकारी निरीक्षण

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने पौड़ी मुख्यालय में स्थित बालिका एवं बालक अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों की स्वास्थ्य, भोजन और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से दुरुस्त करने के निर्देश

दिए। बालिका छात्रावास के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ—सफाई, पेयजल, वॉशरूम और विद्युत व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर छात्रावास की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बालक छात्रावास में निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकों की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी से आवश्यक पुस्तकों की सूची मांगी, ताकि पुस्तकें उपलब्ध करायी जा सकें। जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दोनों छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आवश्यक मरम्मत, खेल सामग्री और पुस्तकों की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी।

पूर्णागिरि मेला

आगामी पूर्णागिरि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चम्पावत जिला प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जल संस्थान ने मेला क्षेत्र में दो नए हैंडपम्प की स्थापना की है, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित की जा सके। इनमें से एक हैंडपम्प केंद्रीय जल आयोग कार्यालय के समीप, जबकि दूसरा हनुमानगढ़ी क्षेत्र के निकट स्थापित किया गया है। इन हैंडपम्पों की स्थापना पर लगभग आठ लाख रुपए की लागत आई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन पूर्णागिरि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, स्वास्थ्य और यातायात जैसी अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी नियमित निरीक्षण कर उन्हें सुदृढ़ किया जाए।

मौसम

अब बात मौसम की...... मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बर्फबारी व बारिश की संभावना जताई है। साथ ही दो हजार आठ सौ मीटर व उससे अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का अनुमान व्यक्त किया है। इसके अलावा आज हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं—कहीं घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।